Title: Need to rehabilitate the people who have been evicted during the operation Pink in the Jaipur City.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : मेरा निवेदन यह है कि राजस्थान में इस समय ऑपरेशन पिंक और हैरिटेज सिटी बनाने की हवा चल रही है। जयपुर और अजमेर में यह ऑपरेशन बहुत तेजी से चला। जयपुर में पक्के मकानों को, मंदिरों को तोड़ दिया गया। गर्मी के दिनों में प्याऊ की थड़ियां हटा दी गयी तथा फुटपाथों पर खोमचा बेचने वाले, सब्जी बेचने वाले, बूट-पॉलिश करने वाले, चाय बेचने वाले लोगों को सुंदरता के नाम पर हटा दिया गया। मेरा निवेदन है कि भविय में जहां कहीं कोर्ट या नगर-निगम का आदेश हो, ऐसे किसी भी मकान को तोड़ा नहीं जाना चाहिए और न ही किसी ठेले वाले को हटाया जाना चाहिए। इस तरह की कार्रवाई को रोका जाना चाहिए। जिन लोगों को इससे नुकसान हुआ है उनको मुआवजा दिया जाये। हैरीटेज सिटी के नाम पर या ऑपरेशन पिंक के नाम पर या सुंदरता के नाम पर जिनको हटाया गया है ऐसे लोगों को ठीक स्थानों पर दुकानें दी जायें और जिस आई.ए.एस. अधिकारी मनजोत सिंह ने जयपुर शहर में तांडव मचा दिया है उसे वापस बुलाया जाये। ऐसा रवैया अपनाना जयपुर शहर के लिए अन्याय है। इससे जयपुर शहर बर्बाद हो गया है।